उत्तरांचल विधान सभा

उत्तरांचल विधान सभा की कार्यसूची

बुधवार 30 आषाढ़, शक संवत्, 1926

(दिनांक : 21 जुलाई, 2004)

समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न्

1. अन्य प्रश्न (देखिये नत्थी **"क"**)।

2. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

3. श्री प्रेमानन्द महाजन, सदस्य, विधान सभा, "जनपद ऊधमसिंह नगर के 20 प्रतिशत बांगला विद्यार्थियों वाले विद्यालयों में प्राथमिक स्तर से स्नातक स्तर तक बांगला भाषा के अध्ययन के सम्बन्ध में" श्री राम गोपाल सरकार एवं अन्य निवासीगण, जनपद ऊधमसिंह नगर द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

4. श्री प्रेमानन्द महाजन, सदस्य, विधान सभा, "जनपद ऊधमसिंह नगर के मसीत ने0हा0 74 से बरेली नगर-सकैनिया मोटर मार्ग 6.60 कि0मी0 मरम्मत/पुर्ननिर्माण के सम्बन्ध में" श्री पुलिन सिकदार एवं अन्य निवासीगण, जनपद ऊधमसिंह नगर द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

5. श्री प्रेमानन्द महाजन, सदस्य, विधान सभा, "जनपद ऊधमसिंह नगर के विकास खण्ड गदरपुर क्षेत्रान्तर्गत प्राथमिक विद्यालय खेमपुर, उ0प्र0वि0 जगदीशपुर, उ0प्र0वि0 कूल्हा, प्र0वि0 कौपा, प्र0वि0 मसीत, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या दिनेशपुर, उ0प्र0वि0 चितरंजनपुर, उ0प्र0वि0 पिपलियां नं0 1, प्र0वि0 नन्दपुर विद्यालयों के उच्चीकरण के सम्बन्ध में" श्री बाबू सिंह तोमर एवं अन्य निवासीगण, जनपद ऊधमसिंह नगर द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

....2/...

6. श्री प्रेमानन्द महाजन, सदस्य, विधान सभा, "जनपद ऊधमसिंह नगर के चितरंजनपुर पूर्व माध्यमिक विद्यालय को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में परिवर्तित करने के सम्बन्ध में" श्री विरंचीपद राय एवं अन्य निवासीगण, जनपद ऊधमसिंह नगर द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

7. श्री प्रेमानन्द महाजन, सदस्य, विधान सभा, "जनपद ऊधमसिंह नगर में बुक्सौरा वाया दुर्गापुर, प्रफुल्लनगर, धीमरी ब्लाक मार्ग ल0 5 कि0मी0 मरम्मत एवं पुनः निर्माण के सम्बन्ध में" श्री विरंचीपद राय एवं अन्य निवासीगण, जनपद ऊधमसिंह नगर द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

8. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

9. नियम 315 के खण्ड (14) व (15) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

10. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

11. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

12. श्री शूरवीर सिंह सजवाण द्वारा प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा जारी :-
"यह सदन श्री राज्यपाल को उनके द्वारा दिनांक 19 जुलाई, 2004 को दिये गये अभिभाषण के लिए कृतज्ञतापूर्वक धन्यवाद प्रकट करता है।"

(प्रस्ताव में संशोधनों के लिए देखिए नत्थी **(ख)**)

13. नियम-51 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

आज्ञा से,

देहरादून :
दिनांक : 21 जुलाई, 2004

(महेश चन्द्र)
सचिव।

उत्तरांचल विधान सभा

उत्तरांचल विधान सभा
की कार्यसूची

बुधवार, 30 आषाढ़, शक संवत्, 1926

(दिनांक : 21 जुलाई, 2004)

नत्थी 'क'

तारांकित प्रश्न

श्री प्रीतम सिंह पंवार
12-05-2004

*1. क्या दुग्ध विकास मंत्री भिज्ञ हैं कि दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0 मातली उत्तरकाशी में उत्प्रवाह शुद्धिकरण यंत्र (E.T.P.) को क्रय एवं स्थापित करने पर बीस लाख रूपये से अधिक की धनराशि व्यय की गई? उक्त संयंत्र को प्रयोग में लाये जाने के क्या कारण हैं? क्या यह सत्य है कि उक्त संयंत्र को प्रयोग में न लाये जाने के कारण पर्यावरणीय नुकसान हो रहा है? यदि हाँ, तो इसके लिए कौन उत्तरदायी है? क्या सरकार उनके विरूद्ध कार्यवाही करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

दुग्ध विकास

श्री मदन कौशिक
13-05-2004

*2. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में कितने पंजीकृत एन.जी.ओ. कार्यरत हैं? क्या यह सत्य है कि कतिपय गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा सरकारी धन के दुरूपयोग की शिकायतें प्राप्त हुई हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार ऐसी संस्थाओं को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

आठवें सोमवार के तारांकित 02 में स्थाना0

कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन' 26-05-2004	*3. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में गूर्जर जाति को विमुक्त जाति का दर्जा दिया जायेगा? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	समाज कल्याण

अतारांकित प्रश्न

श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी 05-05-2004	1. क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि 30 सितम्बर, 2003 तक पशुपालन विभाग द्वारा कुल कितनी धनराशि की दवाओं की खरीद के आदेश विभिन्न कम्पनियों को दिये गये? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि वित्त वर्ष का बजट पारित होने से पूर्व दवाओं के क्रय किये जाने का प्राविधान है?	पशुपालन
श्री मदन कौशिक 06-05-2004	2. क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा कोई योजना बनायी गई है? यदि हाँ, तो योजना का प्रारूप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों?	पशुपालन
श्री मदन कौशिक 12-05-2004	3. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सरकार द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोगों के विकास के लिए क्या योजनायें चलायी जा रही हैं? क्या इन योजनाओं का लाभ इस वर्ग को मिल रहा है? यदि नहीं, तो क्यों?	समाज कल्याण
श्री प्रीतम सिंह पंवार 13-05-2004	4. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में माह मार्च, 2004 तक कितने वृद्धों को वृद्धावस्था पेंशन दी जा रही थी तथा कुल कितने आवेदन पत्र क्रमशः प्रतीक्षा सूची में थे? क्या सरकार सभी प्रतीक्षारत आवेदन पत्रों को स्वीकार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	समाज कल्याण
श्रीमती विजय बड़थ्वाल 13-05-2004	5. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी के विकास खण्ड-यमकेश्वर, द्वारीखाल व दुगड्डा में कितनी हाईड्रम योजनायें वर्ष 2003-2004 तथा 2004-2005 के लिए स्वीकृत की गई हैं?	सिचांई
श्रीमती विजय बड़थ्वाल 15-05-2004	6. क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड यमकेश्वर में कितने पशु चिकित्सालय, पशु प्रसार केन्द्र है तथा वे किन-किन स्थानों पर हैं? क्या पशु चिकित्सालय यमकेश्वर में पशु चिकित्सक नियुक्त हैं? यदि हाँ, तो माह जनवरी, 2004 से माह अप्रैल, 2004 तक चिकित्सक के अनुपस्थित रहने के क्या कारण थे?	पशुपालन

श्री प्रीतम सिंह पंवार 17-05-2004	7. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड डुण्डा की पट्टी-भण्डारस्यूँ तथा विकास खण्ड चिन्यालीसौड़ की पट्टी दशगी, हातड़ दशगी के गांवों को पिछड़ा क्षेत्र घोषित किया गया है? क्या विकास खण्ड चिन्यालीसौड़ के न्याय पंचायत धारकोट के खदाड़ा, टिपरी गड़ोली, बताड़ी तथा उड़खोला पिछड़े क्षेत्र में सम्मिलित किये गये हैं जबकि धारकोट, ज्येष्टवाड़ी, कैंथोगी, जोखणी और चिलोट न्याय पंचायत धारकोट के ये गांव पिछड़ा क्षेत्र लाभ से वंचित हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार वंचित गांवों को पिछड़ा क्षेत्र में सम्मिलित करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	समाज कल्याण
श्री प्रीतम सिंह पंवार 18-05-2004	8. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नलकूप खण्ड देहरादून को वर्ष 2003-04 में कुल कितनी धनराशि अनुरक्षण मद में प्राप्त हुई है और इस धनराशि का व्यय किन-किन नलकूपों में किन-किन कार्यों पर किया गया? क्या उक्त खण्ड के अन्तर्गत पड़ने वाले सभी नलकूप सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं? यदि नहीं, तो क्यों?	सिचांई
श्री प्रीतम सिंह पंवार 19-05-2004	9. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2003-04 में लघु सिंचाई विभाग उत्तरकाशी को अनुरक्षण मद में कुल कितनी धनराशि प्राप्त हुई है? उक्त धनराशि को विकासखण्डवार किन-किन योजनाओं पर व्यय किया गया?	सिचांई
श्री प्रीतम सिंह पंवार 20-05-2004	10. क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2003-04 में जनपद उत्तरकाशी के पशुपालन विभाग को भेड़ विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत भेड़ पालकों को उन्नत नस्ल के मेढें दिये जाने के अन्तर्गत सरकार द्वारा कितनी धनराशि प्राप्त हुई तथा जनपद के विकासखण्डवार किन-किन पशुपालकों को उक्त योजना के अन्तर्गत उन्नत नस्ल के मेढें वितरित किये गये? यदि नहीं, तो क्यों?	पशुपालन
श्री प्रीतम सिंह पंवार 20-05-2004	11. क्या दुग्ध विकास मंत्री के संज्ञान में है कि जनपद उत्तरकाशी के वनचौरा मार्ग पर वल्क कूलर की स्थापना हेतु वर्ष 2002-03 में रू0 7.20 लाख की धनराशि विभाग को प्राप्त हुई? यदि हाँ, तो वनचौरा मार्ग में कब और कहाँ पर वल्क कूलर की स्थापना की गयी? यदि नहीं, तो क्यों?	दुग्ध विकास
श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी 20-05-2004	12. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विकास खण्ड चौखुटिया (जनपद-अल्मोड़ा) में रामगंगा दार्यी नहर में बकरमुण्डेश्वर नामक स्थान से सिंचाई पम्प लगाकर ग्राम सभा डांग व छानी तक लगभग 200 एकड़ ज़मीन में सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो सरकार द्वारा उस पर अब तक क्या कार्यवाही की गई? यदि नहीं, तो क्यों?	सिचांई

श्री तसलीम अहमद 17-05-2004	13. क्या सिंचाई मंत्री मिज्ञ हैं कि जिला हरिद्वार के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र लालढांग के ग्राम भोगपुर, रामपुर, रायघटी, रणजीतपुर, काँगड़ी, रसूलपुर मिट्ठी बेरी, चमरिया, श्यामपुर एक्कड़ आदि स्थानों को नदी एवं गंगा के तेज बहाव के कारण कृषि योग्य भूमि का कटाव हो रहा है तथा साथ ही जन-धन की भी क्षति हो रही है? यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्रामों में भूमि कटाव की रोक-थाम के लिए क्या कारगर कदम उठाने जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों?	सिचांई
श्री प्रेमानन्द महाजन 22-05-2004	14. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला उधमसिंह में खरीफ की बुआई/रोपाई प्रकिया प्रारम्भ होने से पूर्व नहरों की सफाई के कार्य करा लिये जायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?	सिचांई
डा0 अनुसूया प्रसाद मैखुरी 22-05-2004	15. क्या सिंचाई मंत्री को जानकारी है कि जनपद चमोली के अन्तर्गत जोशीमठ में सिंचाई विभाग की भूमि महाविद्यालय जोशीमठ के नाम हस्तांतरित की जा रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	सिचांई
श्री प्रीतम सिंह पंवार 24-05-2004	16. क्या सिंचाई मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि 31.03.2004 तक टिहरी बाँध परियोजना पर कुल कितना व्यय हो चुका है? इसमें से बाँध निर्माण पर कुल कितनी धनराशि तथा विस्थापन कार्य पर कुल कितनी धनराशि व्यय की गयी? बाँध परियोजना का कितना प्रतिशत कार्य हो चुका है तथा यह बाँध कब तक बनकर पूर्ण हो जायेगा?	सिचांई
श्रीमती विजय बड़थ्वाल 24-05-2004	17. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल की सभी राजकीय नहरें जो पिछले पांच से 10 वर्ष पूर्व बनी थी पूर्णरूप से क्षतिग्रस्त हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार द्वारा उक्त नहरों की मरम्मत/पुनर्गठन करने हेतु कोई योजना बनाई गई है? क्या यह सत्य है कि नवार्ड के माध्यम से उक्त नहरों की मरम्मत कराई जा रही है? यदि हाँ, तो किन-किन नहरों की? यदि नहीं, तो क्यों?	सिचांई
श्री बिशन सिंह चुफाल 24-05-2004	18. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के पिपलतड़ गांव में सिंचाई हेतु नहर का निर्माण करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	सिचांई
श्री प्रीतम सिंह पंवार 25-05-2004	19. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में काम के बदले अनाज कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्य करने वाले मजदूरों का सर्वेक्षण किया गया है? यदि हाँ, तो कुल कितने लोग हैं तथा सरकार द्वारा उन्हें किस प्रकार की सहायता उपलबध करायी गई? यदि नहीं, तो क्यों?	द्वितीय मगंलवार के अता0 69 में स्थाना0

श्रीमती विजय बड़थ्वाल 25–05–2004	20. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के आवासीय विद्यालय कितने और कहाँ–कहाँ हैं? क्या जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर में भी अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय खोला जायेगा? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	समाज कल्याण
श्री बलबीर सिंह नेगी 26–05–2004	21 क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के बूढ़ाकेदार क्षेत्र में क्षतिग्रस्त बासर, भडकोट, दुरागी तथा डौखर नहर के पुनरूद्धार/सुधारीकरण के लिये कोई कार्ययोजना बना रही हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार योजना का प्रारूप सदन के पटल पर रखेगी?	सिचांई
श्री बलबीर सिंह नेगी 26–05–2004	22 क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि 10 अगस्त, 2002 को बादल फटने से बूडाकेदार क्षेत्र (जनपद टिहरी गढवाल) में कुल कितनी नहरें क्षतिग्रस्त हुई हैं? विगत दो वर्षों में सरकार ने सिंचाई हेतु कितनी क्षतिगस्त नहरों पर काश्तकारों के खेतों पर पानी देने का प्रयास किया ?	सिचांई
श्री प्रीतम सिंह पंवार 29–05–2004	23. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में सिंचाई विभाग की कुल कितनी नहरें वर्तमान में पूर्ण रूप से बन्द हैं? क्या इन नहरों को सुचारू रूप से चलाया जायेगा? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	सिचांई
श्री गोपाल सिंह राणा 27–05–2004	24. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनजाति आई0टी0आई0 खटीमा, उधमसिंह नगर में कम्प्यूटर अनुदेशक, फिटर II यूनिट के लिये फिटर अनुदेशक तथा एलाइड अनुदेशक, कार्यशाला गणना एवं विज्ञान अनुदेशक, भाषा अनुदेशक, सामाजिक अध्ययन अनुदेशक के पद सृजित हैं? यदि नहीं, तो क्या सरकार उक्त ट्रेड के पदों का सृजन कर रही है? यदि हाँ, तो उक्त पदों पर नियुक्तियां कब तक हों जायेंगी? यदि नहीं, तो क्यों?	समाज कल्याण
श्री गोपाल सिंह राणा 27–05–2004	25. क्या समाज कल्याण मंत्री भिज्ञ हैं कि राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय खटीमा उधमसिंह नगर का भवन एवं छात्रावास जर–जर अवस्था में हैं, जिससे कभी भी विद्यालय एवं छात्रावास में कोई दुर्घटना हो सकती है? यदि हाँ, तो क्या सरकार राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय खटीमा के भवन एवं छात्रावास के निर्माण हेतु कोई योजना बना रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	समाज कल्याण
श्री नारायण पाल 27–05–2004	26. क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में पशुपालन, मत्स्य पालन एवं दुग्ध सैक्टरों के लिए कोई मास्टर प्लान बनाया गया है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	पशुपालन

श्री प्रेमानन्द महाजन 26-05-2004	27. क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला उधमसिंह नगर में गूलरभोज स्थित दीर्घाकार बहुउद्देशीय सरकारी समिति लि0 में वर्ष 2003-2004 में कितनी धनराशि का घोटाला हुआ था? इस घोटाले के दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध सरकार द्वारा क्या कोई कार्यवाही की गयी है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं तो क्यों?	सहकारिता
श्री गोपाल सिंह राणा 29-05-2004	28. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनजाति आई0टी0आई0 खटीमा, उधमसिंह नगर में डीजल मैकेनिक, इलैक्ट्रीशियन एवं कटिंग टेलरिंग/फैशन डिजाइनिंग ट्रेड बढ़ाये जाने की योजना है? यदि हाँ, तो उक्त ट्रेड (डीजल मैकेनिक, इलैक्ट्रीशियन एवं कटिंग टेलरिंग/फैशन डिजाइनिंग) कब तक प्रारम्भ कर दिये जायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?	समाज कल्याण
श्री गोपाल सिंह राणा 29-05-2004	29. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उधमसिंह नगर के राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय खटीमा एवं बिडौरा के उच्चीकरण की कोई योजना है? यदि हाँ, तो उक्त विद्यालयों का उच्चीकरण कब तक कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?	समाज कल्याण
श्री प्रेमानन्द महाजन 29-05-2004	30. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उधमसिंह नगर में प्राथमिक/माध्यमिक विद्यालयों में अल्प संख्यक विद्यार्थियों को मिलने वाली छात्र वृत्ति की कोई धनराशि गत वर्ष वितरित की गयी? यदि हाँ, तो इससे जनपद के कितने विद्यार्थी लाभान्वित हुयें? यदि नहीं, तो क्यों?	समाज कल्याण
श्री तसलीम अहमद 01-06-2004	31. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र लालढ़ांग मे ग्राम गेन्ड़ीखता, रसूलपुर, मिट्ठी बेरी, चमरिया, ढ़न्डियान वाला आदि जनजाति के परिवारों के विकास के लिये विभाग द्वारा क्या-क्या सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं? यदि नहीं, तो क्यों?	समाज कल्याण
श्री नारायण पाल 03-06-2004	32. क्या सिंचाई मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उधमसिंह नगर के सितारगंज ब्लॉक में कौमन नदी, कैलाश नदी, कटना नदी, बेगुल नदी तथा नंधौर नदियों द्वारा लगातार कृषि भूमि का कटाव हो रहा है? यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदियों पर बाढ़ नियन्त्रण के लिये क्या-क्या प्रयास कर रही है तथा इस हेतु बजट में कितनी धनराशि का प्राविधान किया गया है?	सिचांई
श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट 03-06-2004	33. क्या सहकारिता मंत्री को जानकारी है कि कि दून वैली आफिसर्स कोआपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लि0, बसन्त विहार, देहरादून में विगत तीन वर्षो की आडिट रिर्पोट्स में वित्तीय अनियमितताओं तथा भूखण्डों के आवंटन में हेराफेरी तथा 'ग्रीन बेल्ट' हेतु विर्निदिष्ट भूमि का आवासीय भूखण्डों में आवंटन संबंधी गम्भीर आडिट आपत्तियां हैं? यदि हाँ, तो क्या इन आडिट आपत्तियों का अनुपालन करा दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों तथा इसके लिए कौन अधिकारी दोषी हैं?	सहकारिता

श्री प्रीतम सिंह पंवार 04-06-2004	34. क्या लघु सिंचाई मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में लघु सिंचाई विभाग द्वारा हौज-गूलों के निर्माण में प्रयुक्त सीमेण्ट मार्का सी.सी.आई. तथा ए.सी.सी. का मूल्य प्रति बैग किस दर से (वर्ष 2003-04) ठेकेदारों/टोलीनायकों के भुगतान में से काटा गया है? क्या ये दरें उत्तरकाशी जोशीयाड़ा, डुण्डा, चिन्यालीसौड़ व बड़कोट में तत्समय की दरों से अधिक थीं? यदि हाँ, तो कितनी?	लघु सिचांई
श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत 04-06-2004	35. क्या मत्स्य पालन मंत्री अवगत हैं कि जनपद गढ़वाल के ऐकेश्वर ब्लॉक के अन्तर्गत ग्राम उखलेख में पूर्वी नयार के किनारे मत्स्य हैचरी प्रस्तावित है? यदि हाँ, तो उसकी प्रगति क्या है तथा कब तक हैचरी बनकर तैयार हो जायेगी?	मत्स्य पालन
श्री प्रीतम सिंह पंवार 05-06-2004	36. क्या लघु सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि लघु सिंचाई विभाग उत्तरकाशी द्वारा डुण्डा चिन्यालीसौड़ प्रखण्ड की योजनाओं के निर्माण के लिए सीमेण्ट उत्तरकाशी स्थित गोदाम से दिया जाता है? यदि हाँ, तो क्या सरकार चिन्यालीसौड़ प्रखण्ड की योजनाओं के निर्माण के लिए सीमेण्ट का गोदाम चिन्यालीसौड़ में बनवायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?	लघु सिचांई
श्री प्रीतम सिंह पंवार 05-06-2004	37. क्या सहकारिता मंत्री अवगत हैं कि सहकारिता विभाग उत्तरकाशी द्वारा विकास खण्ड भटवाड़ी के बार्सू स्थित फार्म हाऊस में किन-2 जड़ी-बूटियों का उत्पादन किया जा रहा है? उक्त फार्म में कुल कितने कर्मचारी कार्यरत/नियुक्त हैं?	सहकारिता
श्री प्रीतम सिंह पंवार 28-05-2004	38. क्या सिचांई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि टिहरी बांध निर्माण से निर्मित जलाशय (झील) के कारण स्यांसू व छाम के पैदल झूलापुल डूब जायेंगे? यदि हाँ, तो ब्लॉक चिन्यालीसौड़ उत्तरकाशी की पट्टी दिचली व गमरी के गांवों के लोगों, जिन के शिक्षा संस्थान, स्वास्थ्य केन्द्र व्यापारिक प्रतिष्ठान आदि सुविधाओं के केन्द्र छाम व चिन्यालीसौड़ हैं, के लिए सरकार द्वारा क्या वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों?	सिचांई

उत्तरांचल विधान सभा

नत्थी "ख"

श्री राज्यपाल के अभिभाषण के लिए धन्यवाद प्रस्ताव में संशोधन।

कं.सं.	प्रस्तावक का नाम	संशोधन का रूप
1.	श्री मातबर सिंह कण्डारी नेता प्रतिपक्ष तथा श्री भगत सिंह कोश्यारी	प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित को जोड़ दिया जायः- "किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है :- 1. प्रदेश में कानून व्यवस्था में सुधार लाने के उपाय किये जाने, 2. भ्रष्टाचार एवं घोटालों पर पाबन्दी लगाने की कार्य योजना बनाये जाने, 3. ऊर्जा प्रदेश एवं पर्यटन प्रदेश के प्रारूप को तैयार किये जाने, 4. प्रदेश के बेरोजगारों को रोजगार देने की ठोस योजना तथा प्रत्येक विभाग में रोजगार परक योजनाऐं चलाने, 5. अफसरशाही पर अंकुश लगाने का ठोस प्रयास किये जाने, 6. जनता के उत्पीड़न को समाप्त करने के लिए ठोस प्रयास किये जाने, 7. दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों, विजिटिंग प्रवक्ता, शिक्षा मित्र व शिक्षा बन्धुओं के नियमितिकरण के वायदे को सरकार द्वारा पूर्ण न किये जाने, 8. विकल्पधारियों की तत्काल उत्तर प्रदेश के लिए कार्यमुक्त किये जाने, 9. उत्तर प्रदेश के साथ परिसम्पत्तियों का शीघ्र बंटवारा किये जाने, 10. गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार जो बी0पी0एल0 कार्ड से लाभान्वित नहीं हुए है, उनके बी0पी0एल0 कार्ड बनाये जाने,

....2/...

क्रं.सं.	प्रस्तावक का नाम	संशोधन का रूप

11. उत्तरांचल में फल पट्टी योजना बनाये जाने,
12. भारतीय बन संरक्षण अधिनियम, 1980 को लचीला बनाये जाने,
13. प्रदेश के दुर्गम एवं अतिदुर्गम पिछड़े क्षेत्रों में महिला चिकित्सालय खोले जाने,
14. प्रदेश के विभिन्न जनपदों में बन्द पड़े औद्योगिक क्षेत्रों को विकसित किये जाने,
15. प्रदेश में बन्द पड़ी ग्रामीण सड़कों को यातायात के लिए चालू किये जाने,
16. प्रदेश में नजूल भूमि व वन भूमि जो वर्षो से कृषकों के कब्जे में है उसका नियमितिकरण किये जाने,
17. वन गुज्जरों को स्थायी रूप से एक स्थान पर बसाये जाने,
18. लो-बोल्टेज को समाप्त कराना तथा नियमिति बिजली सप्लाई, अशुद्ध बिलों को सुधारने का कार्यक्रम चलाये जाने,
19. किसानों को आलू, माल्टा, मटर, सेव, नाशपाती आदि का समर्थन मूल्य घोषित किये जाने,
20. किसानों को गन्ने का उचित मूल्य समय पर दिये जाने,
21. राष्ट्रीय पार्को एवं पशु विहारों के कारण ग्रामों के विकास की बाधा को दूर किये जाने,
22. विनाशकारी भूकम्प एवं भूस्खलन से पीडित लोगों को राहत दिये जाने,
23. नयी तहसीलों एवं नयी उप तहसीलों में स्टाफ, फर्निचर भवन की सुविधा प्रदान किये जाने,
24. गढ़वाल-कुमांऊ की सुन्दर रमणीक, धार्मिक तीर्थ स्थलों, ग्लेशियरों को विकसित किये जाने,
25. "ऐम्स" ऋषिकेश के निर्माण हेतु केन्द्र सरकार से बजट प्राप्त करने हेतु प्रयास किये जाने,
26. आरक्षित रिक्त पदों पर नियुक्ति की प्रकिया प्रारम्भ किये जाने,
27. पिछड़ा वर्ग, अल्प संख्यक वर्ग, अनुसूजाति, अनुसूचित जनजाति के आर्थिक विकास की कार्य योजना बनाये जाने,
28. पर्वतीय क्षेत्रों से पलायन की प्रवृत्ति को रोके जाने,
29. खनन नीति एवं आबकारी नीति को संशोधित कर राजस्व को बढ़ाये जाने,

....3/...

कं.सं.	प्रस्तावक का नाम	संशोधन का रूप

30. उत्तरकाशी, बागेश्वर, चमोली, पिथौरागढ़ के भेड़ पालकों की ऊन का उचित मूल्य दिलाये जाने,
31. पेट्रोल-डीजल पर लगाये गये अतिरिक्त कर हटाये जाने,
32. लोक निर्माण विभाग की टेण्डर नीति से छोटे-छोटे ठेकेदारों के शोषण को बन्द किये जाने,
33. प्राथमिक विद्यालयों एवं जू0हा0 स्कूलों में अध्यापकों की तैनाती मानकों के आधार पर किये जाने,
34. वरूणावत, भूस्खलन, बाढ़, लामबगड़ त्रासदी के उपाय किये जाने,
35. विभिन्न विकास प्राधिकरणों से विकास शुल्कों की वृद्धि रोके जाने,
36. विकास कार्यो की गुणवत्ता बढ़ाये जाने,
37. शहरों के बढ़ते प्रदूषण को समाप्त किये जाने,
38. मूल निवास प्रमाण पत्र को सरलता से दिलाये जाने,
39. गम्भीर पेयजल संकट वाले गांव में पेयजल की सुविधा दिलाये जाने,
40. अग्नि से जंगलों को बचाने, पशु शिकार, अवैध पातन, अतिक्रमण रोके जाने,
41. उत्तरांचल को केन्द्र सरकार से मिलने वाले आर्थिक पैकेज को 2013 तक यथावत रखे जाने हेतु प्रयास किये जाने,
42. वर्ष 2000 के शासनादेशों द्वारा स्वीकृत निर्माण कार्य प्रारम्भ किये जाने,
43. बैंकों से प्रधानमंत्री रोजगार योजना, वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली, स्वरोजगार योजना, खादी ग्रामोद्योग योजना के लिए ऋण आसानी से दिलाये जाने,
44. स्थानान्तरण की तर्क संगत नीति बनाये जाने,
45. तहसील दिवस को सार्थक बनाये जाने,
46. अनाधिकृत विकास स्थानों एवं मेडिकल कालेजों पर प्रतिबन्ध लगाये जाने,
47. सड़क, नहर निर्माण में ली 'गयी कृषकों की भूमि का मुआवजा दिये जाने,
48. सूखे के प्रकोप से छुटकारा दिलाये जाने,
49. वित्तीय अनुशासन बनाये जाने,
50. भर्ती में पारदर्शिता कायम किये जाने,
51. चीनी मिलों के घाटे को कम किये जाने,

...4/...

कं.सं.	प्रस्तावक का नाम	संशोधन का रूप
		52. सहकारी समितियों के चुनाव तथा मण्डी समिति के चुनाव शीघ्र कराये जाने,
2.	श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट	प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित को जोड़ दिया जाय:- "किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नही किया है :- 1. जनपद चमोली में विकास खण्ड पोखरी में लोक निर्माण विभाग का अस्थाई खण्ड खोले जाने, 2. जनपद चमोली के विकास खण्ड घाट में नये राजकीय महाविद्यालय खोले जाने, 3. जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी एवं घाट में नये आई0टी0आई0 खोलने, 4. जनपद चमोली के विकास खण्ड घाट में एक हजार की आबादी के गांव पगना, बेरासकुण्ड, मटई गांव को नये मोटर मार्गो से जोड़ने, 5. जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी के उडा-माडा-चोपड़ा मोटर मार्ग की स्वीकृति, 6. जनपद चमोली के रा0हाईस्कूल चौण्डी तथा रा0हाईस्कूल सोनला कण्डारा के उच्चीकरण करने, 7. जनपद चमोली के राजकीय इण्टर कालेज के नन्द प्रयाग के भवन निर्माण हेतु धनराशि उपलब्ध करवाने, 8. जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी एवं घाट में अनुसूचित जाति के छात्रों हेतु छात्रावास खोलने, 9. जनपद चमोली के संस्कृत विद्यालयों के भवन निर्माण के लिए धनराशि स्वीकृति किये जाने, 10. राजकीय महाविद्यालय पोखरी के भवन निर्माण के लिए धनराशि उपलब्ध करवाने, 11. जनपद चमोली के विकास खण्ड घाट की नव सृजित उप तहसील को तहसील का दर्जा देने, 12. जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी एंव घाट में खेल मैदान निर्माण किये जाने, 13. जनपद चमोली के विकास खण्ड घाट नन्दादेवी राजजात मार्ग पर पर्यटक आवास गृहों के खोले जाने,

...5/...

कं.सं.	प्रस्तावक का नाम	संशोधन का रूप
		14. पर्यावरण की दृष्टि से जनपद चमोली को पोलोथीन मुक्त किये जाने, 15. जनपद चमोली के विकास खण्ड घाट के सितेल नामक स्थान पर नये झूलापुल निर्माण किये जाने।''
3.	काजी निजामुद्दीन	प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित को जोड़ दिया जायः- ''किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है :- 1. राज्य के अल्पसंख्यकों को शैक्षिक संस्थानों एवं सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत का आरक्षण का प्राविधान करने, 2. गन्ना किसानों को गन्ना मूल्य का भुगतान हरियाणा राज्य के समनुरूप किये जाने, 3. पेट्रोल तथा डीजल पर अतिरिक्त कर को समाप्त करने, 4. उर्दू भाषा को राज्य की दूसरी भाषा का दर्जा देने, 5. मण्डी परिषद् द्वारा 1969 में लागू मण्डी शुल्क एवं मजदूरी दर को पुर्नविक्षित करने, 6. पर्यटक राज्य होने के कारण प्रदेश के सभी मार्गो पर पर्यटकों की सुविधा को दृष्टिगत पथकर समाप्त किये जाने।''
4.	श्री प्रकाश पन्त	प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित को जोड़ दिया जायः- ''किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है :- 1. जनपद पिथौरागढ़ में नैनी-सैनी हवाई पट्टी के विस्तार तथा नियमित वायुसेवा प्रारम्भ करने, 2. जनपद पिथौरागढ़ में रई (चटकेश्वर) झील के निर्माण करने, 3. जनपद पिथौरागढ़ में रिंग रोड की स्थापना करने, 4. जनपद पिथौरागढ़ में थरकोट, ऐंचोली, कुम्डार हाईस्कूलों के इण्टर स्तर पर उच्चीकरण करने, 5. जनपद पिथौरागढ़ में जू0हाईस्कूल चमाली, जू0हाईस्कूल वास्ते, जू0हा0 क्वीतड़, जू0हा0 नैनी-सैनी, हिमतड़ का हाईस्कूल स्तर पर उच्चीकरण करने,

...6/...

कं.सं.	प्रस्तावक का नाम	संशोधन का रूप

6. जनपद पिथौरागढ़ में खतीगांव, झूणी, हिमतड़ में चिकित्सालय खोलने,
7. जनपद पिथौरागढ़ में रई-मढ़-रोड़ीपाली मोटर मार्ग के निर्माण करने,
8. जनपद पिथौरागढ़ में छेड़ा-कुम्याचौड़-रोड़ी-झूणी मोटर मार्ग के निर्माण करने,
9. जनपद पिथौरागढ़ में अशोकनगर-भाटीगांव-क्वाखन मोटर रोड के निर्माण करने,
10. जनपद पिथौरागढ़ में बड़ाबे-पंचेश्वर मोटर मार्ग का निर्माण करने,
11. जनपद पिथौरागढ़ में चुपकोट बैन्ड-जमराड़ी मोटर मार्ग का निर्माण करने,
12. जनपद पिथौरागढ़ में चन्डाक-धारी मोटर मार्ग का निर्माण करने,
13. जनपद पिथौरागढ़ में कफलंडुगरी-बास्ते मोटर मार्ग का निर्माण करने,
14. जनपद पिथौरागढ़ में दिग्तोली-नैनी-प्यूड़ी मोटर मार्ग का निर्माण किये जाने,
15. जनपद पिथौरागढ़ में छेड़ा-आगर मोटर मार्ग का निर्माण किये जाने,
16. जनपद पिथौरागढ़ में छेड़ा-छाना-भुरमुनी मोटर मार्ग का निर्माण किये जाने,
17. जनपद पिथौरागढ़ में बेस चिकित्सालय की स्थापना किये जाने,
18. जनपद पिथौरागढ़ में खेल विद्यालय की स्थापना किये जाने,
19. जनपद पिथौरागढ के खेल स्टेडियम को सुव्यवस्थित व समस्त खेल सुविधायें उपलब्ध करने,
20. जनपद पिथौरागढ़ में घाट पम्पिंग योजना से पूर्व में पेयजल हेतु जोडे गये गांवों को पुनः जोडे जाने,
21. जनपद पिथौरागढ़ में थरकोट, मासो, पुरान, जाख, बालाकोट ग्राम समूह पेयजल योजना का निर्माण किये जाने,
22. जनपद पिथौरागढ़ में जाख-नल्लू-चमाली मोटर मार्ग का निर्माण किये जाने,
23. जनपद पिथौरागढ़ में जाख-मेलडुंगी मोटर मार्ग का डामरीकरण किये जाने,

...7/...

कं.सं.	प्रस्तावक का नाम	संशोधन का रूप
		24. जनपद पिथौरागढ़ में ऐंचोली-मेलडुगरी-रामेश्वर मोटर मार्ग का निर्माण किये जाने, 25. जनपद पिथौरागढ़ में मोस्टमानू, पशुपतिनाथ, असुरचुला, चन्डिकाघाट, थलकेदार, कामाक्षामन्दिर, लटोरा (बड़ाबे) को पर्यटन मानचित्र में लेकर स्थल विकास किये जाने, 26. जनपद पिथौरागढ़ में राजकीय महिला डिग्री कालेज खोले जाने।"
5.	श्री विशन सिंह चुफाल	प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित को जोड़ दिया जायः- "किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है :- 1. जनपद पिथौरागढ़ में राजकीय कन्या इण्टर कालेज डीडीहाट का भवन निर्माण करने, 2. जनपद पिथौरागढ़ के डीडीहाट में मिनी स्टेडियम का निर्माण करने, 3. पिथौरागढ़ में थल में पालीटेक्निक कालेज खोलने, 4. जनपद पिथौरागढ़ के डीडीहाट में वाचनालय खोलने, 5. जनपद पिथौरागढ़ के सौणराथी में दैवीय आपदा से बहा पैदल गाडर पुल का निर्माण करने, 6. जनपद पिथौरागढ़ के पांखू में स्वास्थ्य केन्द्र खोलने, 7. जनपद पिथौरागढ़ के काली विनायक पुरानाथल मोटर मार्ग का डामरीकरण, 8. डीडीहाट के आदिचौरा मोटर मार्ग का डामरीकरण, 9. जनपद पिथौरागढ़ के नाचनी बासबगड का डामरीकरण, 10. जनपद पिथौरागढ़ के रामगंगा नदी रिंगूनिया के पास झूलापुल निर्माण, 11. जनपद पिथौरागढ़ के पुरानाथल-तड़ीगांव मोटर मार्ग पर रामगंगा में मोटर पुल निर्माण, 12. जनपद पिथौरागढ़ के क्वीटी में स्वास्थ्य भवन का निर्माण, 13. जूनियर हाईस्कूल बिर्थी का उच्चीकरण करने, 14. पिथौरागढ़ के रा0क0उ0मा0 विद्यालय थल का उच्चीकरण करने,

...8/...

कं.सं.	प्रस्तावक का नाम	संशोधन का रूप
		15. जनपद पिथौरागढ़ में पर्यटन स्थल शिराकोट, एक हतिया देपाल होकरा देवी, कोट्गाड़ी मंदिर को पर्यटन के नक्शे में अंकित करने, 16. जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत डीडीहाट को जनपद बनाने, 17. जनपद पिथौरागढ़ के थल-भटीगांव मोटर मार्ग के निर्माण, 18. जनपद पिथौरागढ़ के भण्डारी गांव से बोकटा तक मोटर मार्ग निर्माण।"
6.	श्री अनिल नौटियाल	प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित को जोड़ दिया जायः- "किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है :- 1. जनपद चमोली में कर्णप्रयाग वि0ख0 के कालेश्वर नामक स्थान पर ट्रास्पोट नगर की स्थापना, 2. जनपद चमोली के गैरसैण में अपर शिक्षा निदेशक कार्यालय की स्थापना, 3. जनपद चमोली के गौचर में स्टेडियम निर्माण करने, 4. नागचुलाखाल को जिला बनाने, 5. कर्णप्रयाग एवं गैरसैण महाविद्यालयों में प्रवक्ताओं की नियुक्ति करने, 6. कर्णप्रयाग विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत जूनियर हाईस्कूल चूला गबनी, विजय सैण, आगरचट्टी, हरगड के उच्चीकरण करने, 7. कर्णप्रयाग विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत रा0उ0मा0वि0 सलियाणा नन्दासैण, नैली, बरतोली, लाटूगैर, चौरासैण, उम्टा एवं कन्या हा0 नौटी के उच्चीकरण, 8. कर्णप्रयाग विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत बड़ेथ पिण्डवाली मोटर मार्ग के चौड़ीकरण करने, 9. झुरकण्डे-नैणी मोटर मार्ग के चौडीकरण करने, 10. मटियाला-किरसाल मोटर मार्ग के चौड़ीकरण करने, 11. पुनगांव-विछौना मोटर मार्ग के चौड़ीकरण करने, 12. सिमली-शैलेश्वर मोटर मार्ग के चौड़ीकरण करने, 13. गौचर-सेल-दुगड्डा मोटर मार्ग के चौड़ीकरण करने, 14. नौटी-चौरासैण खेती मोटर मार्ग बनाये जाने, 15. देवीगाड-कण्डारीखोड मोटर मार्ग बनाये जाने, 16. दुगड्डा से बरतोली हाईस्कूल तक मोटर मार्ग के निर्माण,

...9/...

क्र.सं.	प्रस्तावक का नाम	संशोधन का रूप
		17. देवपुरी से पत्थरकट्टा-गाजियाबाद (गैरसैण) मोटर मार्ग के निर्माण, 18. पुनगांव में ऐलोपैथिक चिकित्सालय खोलने, 19. सिदोली में एलोपैथिक चिकित्सालय खोलने, 20. देवपुरी में ऐलोपैथिक चिकित्सालय, 21. हरगड धारपानी में ऐलोपैथिक चिकित्सालय खोलने, 22. कर्णप्रयाग, गौचर, भटोली, देवलकोट, ऐलोपैथिक चिकित्सालयों के उच्चीकरण करने, 23. कर्णप्रयाग विधान सभा के अन्तर्गत नौली-झूलापुल, सिमली झूलापुल, गडौत झूलापुल, दासिमयांगांव के पास खनसर नदी पर झूला पुल बनाये जाने, 24. बारागांव पेयजल योजना रणचौरा, सजगांव, गोगना, पाण्डवाखाल, पेयजल योजना निर्माण किये जाने, 25. दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त विद्यालयों के भवनों का निर्माण करने।"
7.	श्रीमती आशा नौटियाल	प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित को जोड़ दिया जाय:- "किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है :- 1. केदारनाथ क्षेत्र के दैवीय आपदा पीडितों के अस्थाई पुर्नवास किये जाने, 2. श्री उत्तराखण्ड विद्यापीठ गुप्तकाशी में लम्बे समय से जनता द्वारा चल रही महाविद्यालय की मांग को स्वीकृति हेतु जोड़ने, 3. महाविद्यालय अगस्त्यमुनी को आदर्श विद्यालय का दर्जा दिये जाने एवं पी0जी0 स्तर साइंस विषय तथा बी0एड़0 कक्षायें खोले जाने, 4. केदारनाथ क्षेत्र में दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त मार्गो, मोटर मार्गो, पुलो सरकारी भवनों के पुर्ननिर्माण करने, 5. अगस्त्यमुनी में स्वीकृत केन्द्रीय विद्यालय की कक्षाओं को संचालित कराये जाने हेतु प्रयास किये जाने, 6. राज्य में उच्चीकृत विद्यालयों और नई तहसीलों में कर्मचारियों की व्यवस्था करने,

...10/...

कं.सं.	प्रस्तावक का नाम	संशोधन का रूप
		7. राज्य के स्थानान्तरित उप जिलाधिकारियों की जगह पर प्रतिस्थानी अधिकारियों की तैनाती तत्काल करने, 8. पहाडी क्षेत्रों में आलू किसानों को उचित मूल्य दिये जाने, 9. विधान सभा क्षेत्र केदारनाथ में विद्युत आपूर्ति सुचारू किये जाने, 10. प्रसिद्ध तीर्थस्थल केदारनाथ को मोटर मार्ग से जोडे जाने, 11. ऊखीमठ तहसील मुख्यालय में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने, 12. विधान सभा क्षेत्र केदारनाथ में भूकम्प से क्षतिग्रस्त ग्रामीणों को आवासीय भवनों का मुआवजा दिये जाने, 13. जनपद रूद्रप्रयाग के गुप्तकाशी कुण्ड के क्षतिग्रस्त पावर हाउस का पुर्ननिर्माण कर विद्युत आपूर्ति किये जाने, 14. अगस्त्यमुनी में बालिका इण्टर कालेज में विज्ञान भवन का निर्माण किये जाने, 15. तल्लानागपुर में नये विकास खण्ड का सृजन किये जाने।"
8.	श्री मदन कौशिक	प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित को जोड़ दिया जायः- "किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है :- 1. प्रदेश में कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाने की योजना, 2. प्रदेश के किसानों को गन्ने का मूल्य निर्धारण एवं भुगतान, 3. किसानों को मुफ्त बिजली एवं पानी की आपूर्ति किये जाने, 4. बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता दिये जाने, 5. हरिद्वार विधान सभा क्षेत्र में कन्या सांईस डिग्री कालेज खोलने, 6. हरिद्वार में आयुर्वेद विश्वविद्यालय खोलने, 7. हरिद्वार में संस्कृत विश्वविद्यालय खोलने, 8. उत्तरांचल में वैट लागू न करने, 9. प्रदेश में आतंकवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाने, 10. उत्तरांचल में विधायकों हेतु विधायक निधि 1 करोड़ किये जाने, 11. उत्तरांचल में पर्यावरण की रक्षा हेतु कार्य योजना बनाये जाने,

...11/..

कं.सं.	प्रस्तावक का नाम	संशोधन का रूप

12. भ्रष्टाचार पर अंकुश हेतु स्पष्ट नीति बनाने,
13. स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की पेंशन में वृद्धि करने,
14. विधवा, वृद्धावस्था पेंशन में वृद्धि करने,
15. उत्तरांचल निर्माण के आंदोलनकारियों को पेंशन दिये जाने,
16. प्रदेश में आर्थिक आधार पर आरक्षण दिये जाने,
17. हरिद्वार में उच्च न्यायालय की खण्ड पीठ स्थापित करने हेतु प्रयास किये जाने,
18. हरिद्वार में लगने वाले कावड मेले सहित अन्य मेलों को नोटिफिकेशन कर धन देने की व्यवस्था करने,
19. हरिद्वार के ज्वालापुर में बस स्टैड़ बनाये जाने,
20. हरिद्वार को नगर निगम बनाये जाने,
21. हरिद्वार के शिवालिक नगर को नगर पंचायत बनाने,
22. हरिद्वार में सिटी बस चलाने,
23. हरिद्वार के पौराणिक महत्व के स्थलों को विकसित करने,
24. हरिद्वार में एल0एल0बी0 एवं बी0एड0 की कक्षायें खोलने,
25. हरिद्वार में मेडिकल कालेज खोलने,
26. राज्य में गौ रक्षा आयोग बनाने,
27. उत्तरांचल के संस्कृत विद्यालयों को पंचम वेतनमान दिये जाने,
28. संस्कृत विद्यालयों में अध्यापकों एवं अन्य स्टाफ की नियुक्ति किये जाने,
29. रूड़की को जिला बनाये जाने,
30. हरिद्वार के बहादराबाद, भगवानपुर, सुल्तानपुर, को नगर पंचायत बनाने,
31. हरिद्वार को कमिशनरी बनाने,
32. हरिद्वार में पुलिस हिंसा के दौरान मारे गये व्यक्तियों, घायलों एवं लूटी गयी दुकानों के मालिकों को मुआवजा दिये जाने,
33. हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र शान्ति बिहार, लाल मन्दिर, गोलद द्वार, ज्वालापुर रेलवे स्टेशन के सामने वाला क्षेत्र एवं भूपतवाला क्षेत्र को सीवरेज से जोड़ने,
34. हरिद्वार विधान सभा क्षेत्र में पीने के पानी हेतु ज्वालापुर इण्टर कालेज एवं इन्डस्ट्री एरिया में प्रस्तावित ट्यूवैल को लगाने,

...12/...

कं.सं.	प्रस्तावक का नाम	संशोधन का रूप
		35. हरिद्वार विधान सभा क्षेत्र के लाटोवाली में नाले के निर्माण करने तथा हरिद्वार को हवाई मार्ग से जोड़ने हेतु प्रयास किये जाने।"
9.	श्री अरविन्द पाण्डे	प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित को जोड़ दिया जायः- "किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है :- 1. बरैहनी हाईस्कूल को इण्टर कालेज की मान्यता दिए जाने, 2. बेरियादौलत हाईस्कूल को इण्टर कालेज की मान्यता दिये जाने, 3. बाजपुर में युवाओं द्वारा स्टेडियम बनाये जाने की मांग, 4. चीनी मिल के कर्मचारियों का चतुर्थ वेज बोर्ड व पंचमवेज बोर्ड लागू किये जाने, 5. बाजपुर चीनी मिल के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित करने, 6. बाजपुर विचपुरी फार्म में इण्टर कालेज हेतु प्रस्तावित भूमि पर भू-माफियों का कब्जा हटाने, 7. बाजपुर गढरी नदी का पुल टूटने तथा यातायात बाधित होने, 8. बाजपुर क्षेत्र की टूटी मुख्य सडकों के निर्माण किये जाने, 9. बाजपुर क्षेत्र के कोशीपुल से सेतखेडी गांव तक कोशी बद्राबका में किनारे भूमि कटाव तथा पिचिंग के संबंध में, 10. बाजपुर क्षेत्र के हरिपुरा-हरसान इण्टर कालेज की 4 एकड़ भूमि वन भूमि से हटाकर इण्टर कालेज के नाम स्थानान्तरित करने।"
10.	श्री कैलाश शर्मा	प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित को जोड़ दिया जायः- "किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है :- 1. अल्मोड़ा में मेडिकल कालेज की स्वीकृति, 2. अल्मोड़ा में सेराघाट सरयू नदी से अल्मोड़ा नगर एवं निकटवर्ती ग्राम पंचायतों हेतु पेयजल योजना निर्माण, 3. अल्मोड़ा हवालबाग में लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह निर्माण की स्वीकृति,

...13/...

कं.सं.	प्रस्तावक का नाम	संशोधन का रूप
